Request from A.P. Government for condoning loans of small farmers

8471. SHRI ANANTHA RAMULU MALLU: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether any request has been made to the Union Government by the State Government of Andhra Pradesh for permission from the Reserve Bask of India to condone the loans of small farmers who have borrowed from co-operative institutions;

(b) if so, the details regarding the amount of the loan involved in this regard; and

(c) whether Government have granted the permission accordingly?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRIES OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

मिट्टी का परीक्षण करने वाली प्रयोगशालाएं

8472. **श्री हरीश रावत :**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भूमि के सम्बन्ध में कृषि कार्य करने वालों को समय-समय पर वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से देश के प्रत्येक जिला मुख्यालय में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला है ; और

(ख) यदि नहीं, तो प्रत्येक जिला मुख्यालय में इस प्रकार की प्रयोग शालाएं स्थापित करने के लिये उनके मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए जाने का विचार है ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री श्री आर० वी० स्वामीनाथन (क) किसानों के लिये मृदा परीक्षण संबंधी परिणामों के आधार पर विशिष्ट उर्वरकों के बारे में सिफारिशें करने हेतु 329 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं जबकि देश में लगभग 400 जिले हैं जिले के मुख्यालयों पर मृदा परीक्षण प्रयोग शालाओं का होना आवश्यक नहीं है। बल्कि ये कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थित हैं।

(ख) राज्य सरकारें मृदा परीक्षण कार्यक्रम की अपनी वार्षिक योजनाओं में संवीक्षा करती हैं और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने की व्यवस्था करती हैं।

उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलना

8473. **श्री हरीश रावत :**

कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय को पहाड़ी क्षेत्र में अपनी शाखा खोलने का परामर्श देगी ताकि पहाड़ी क्षेत्रों में कृषि के विकास के लिये आवश्यक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध की जा सकें; और

(ख) क्या उनका मंत्रालय पहाड़ी क्षेत्रों में अनुसंधान और शिक्षा के विस्तार के लिये आवश्यक सहायता देने के प्रश्न पर भी विचार करेगा ?

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) (क) गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने जिसका मुख्य परिसर पन्त नगर में हैं, पहले ही टिहरी गढ़वाल जिले के रानीचौरी स्थान में एक पर्वतीय परिसर की स्थापना की।